# नए साल में गाजियाबाद के 20 स्थानों पर मिलेगी ईवी चार्जिंग की सुविधा

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद

- 20 स्थानों पर जनवरी 2025 तक बनकर तैयार हो जाएंगे चार्जिंग स्टेशन
- 40 हजार लोगों को मिलेगा लाभ, निगम के पांचों जोन में बनाए जाएंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन



ई चार्जिंग स्टेशन। फाइल

लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण के रोकने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों में से एक ई-व्हीकल को बढ़ावा देना भी शामिल है। गाजियाबाद नगर निगम ने इसे बढ़ाने के लिए शहर के 20 स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाने जा रहा है। इसके लिए स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। यह कार्य जनवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा।

इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम के पांचों जोन में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। यह कार्य जनवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह चार्जिंग स्टेशन पीपीपी माडल के आधार पर बनाए जाएंगे। इससे करीब 35 से 40 हजार ई व्हीकल उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

**आठ रुपये प्रति यूनिट चार्जिंग शुल्क लेगा निगम:** नगर निगम की ओर से बनाए जा रहे इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन में दो तरह से वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। स्लो चार्जिंग में आठ रुपये प्रति यूनिट शुल्क निगम उपभोक्ताओं से लेगा। फास्ट चार्जिंग में 15 रुपये शुल्क लिया जाएगा। जिले में चार हजार दोपहिया वाहन है और यह वाहन स्लो चार्जिंग में ही चार्ज किए जाते हैं। : जिले में 38,572 ई-व्हीकल पंजीकृत हैं। लेकिन इन वाहनों को चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशनों की कमी है।